# राजस्थान लोक सेवा आयोग

एफ.7(29) RA/CE/PTI/RPSC / 2023–24 / 32 दिनांकः 27.05.2025

**प्रेस–नोट**

शारीरिक प्रशिक्षण अनुदेशक (Physical Training Instructor), कॉलेज शिक्षा विभाग, परीक्षा 2023 के 247 पदों हेतु विज्ञापन संख्या 06/2023–24 दिनांक 01.09.2023 जारी किया गया। उक्त पदों हेतु परीक्षा दिनांक 07.01.2024 एवं 31.05.2024 को आयोजित की गई, तत्पश्चात् लिखित परीक्षा परिणाम दिनांक 30.01.2025 को जारी कर 1281 अभ्यर्थियों को साक्षात्कार हेतु अस्थाई रूप से सफल घोषित किया गया। साक्षात्कार हेतु अस्थाई रूप से सफल रहे 1281 अभ्यर्थियों में से 229 अभ्यर्थियों ने विस्तृत आवेदन पत्र आयोग कार्यालय में आज दिनांक तक प्रस्तुत नहीं किये हैं, इन 229 अभ्यर्थियों की सूची आयोग कार्यालय की वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है।

अतः उक्त 229 अभ्यर्थियों को अन्तिम अवसर देते हुये निर्देशित किया जाता है कि आयोग की वेबसाईट www.rpsc.rajasthan.gov.in से विस्तृत आवेदन पत्र, निर्धारित प्रपत्र में डाउनलोड कर आवेदन पत्र (दो प्रतियों में) की समस्त प्रविष्टियां पूर्ण कर सम्बन्धित शैक्षणिक, प्रशैक्षणिक, जाति, मूल–निवास एवं अन्य दस्तावेजों की स्वप्रमाणित प्रतियां (एक प्रति में) संलग्न कर दिनांक 03.06.2025 तक आयोग कार्यालय में आवश्यक रूप से जमा करवायें अन्यथा विस्तृत आवेदन पत्र के अभाव में आपकी अभ्यर्थिता बिना किसी पूर्व सूचना के रद्द कर दी जावेगी, जिसकी समस्त जिम्मेदारी स्वयं अभ्यर्थी की होगी। इसके उपरान्त अन्य कोई अवसर देय नहीं होगा।

**(रामनिवास मेहता)**
**सचिव**